तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 10 अक्टूबर 2024



12 छत्तीसगढ़ में विकास कार्य हो रहे साय-साय, 31...





14 शारदीय नवरात्रि शक्ति की उपासना का है पर्व






## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी।।
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ।।

## खबर संक्षेप

### दुतकैयां में आज जस झांकी ग्राम हसदा का आयोजन

**राजिम**। ग्राम पंचायत परसदा जोशी के आश्रित ग्राम दुतकैयां के जय बजरंग चौक दुर्गोत्सव समिति के तत्वावधान में गुरुवार को जस गीत झांकी ग्राम हसदा का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे होंगी। अध्यक्षता हरिराम साहू सेवानिवृत शिक्षक करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में ग्राम पटेल लखन साहू, बोधन साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति दुतकैया, जितेन्द्र यादव सचिव ग्राम विकास समिति, गणेश्वर साहू अध्यक्ष साहू समाज दुतकैया, रामकुंवर साहू ,यह जानकारी देते हुए बजरंग चौक के भागवत साहू ने ग्रामीणों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आनंद लेने आग्रह किया है।

### जिला रेडक्रास सोसायटी प्रबंध समिति गठन, सूची का प्रकाशन होगा 10 को

**गरियाबंद** / कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा गरियाबंद के प्रबंध समिति के गठन के लिए रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद के संरक्षक, उप-संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों की सूची का प्रकाशन 10 अक्टूबर को किया जाएगा। सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव भारतीय रेडक्रास सोसायटी छ.ग. जिला शाखा के सामने सूचना पटल पर लगाई जाएगी। यदि किसी भी सदस्य को प्रकाशित सूची में आपत्ति हो तो वह 15 अक्टूबर को शाम 5:30 बजे तक अपना दावा आपत्ति आवेदन के साथ सदस्यता की रसीद सहित जमा कर सकेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी। 15 अक्टूबर तक प्राप्त आपत्ति आवेदनों का निराकरण कर सदस्यों की अंतिम सूची का प्रकाशन 17 अक्टूबर को किया जाएगा। जिसके आधार पर साधारण सभा की बैठक पश्चात जिला शाखा गरियाबंद के प्रबंध समिति का गठन किया जायेगा।

# लोगों को आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान एवं जनमन योजना से करें लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभागों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। साथ ही निराकरण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन एवं सुझाव भी दिये।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि लोगों को आयुष्मान कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि एवं पीएम जनमन योजना के तहत विभिन्न सुविधाओं से लाभान्वित किया जाए। साथ ही योजनाओं को शत प्रतिशत सेचुरेशन भी किया जाये। बैठक में कलेक्टर ने पीएम श्री स्कूल एवं गौरव गरियाबंद अभियान की जानकारी लेकर बोर्ड परीक्षा की तैयारियों के लिए गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने पीएम पोषण अभियान के तहत मध्यान्ह भोजन एवं स्व सहायता समूह के माध्यम से संचालन की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में सम्पूर्णता अभियान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्ति, अनुकम्पा नियुक्ति, अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी- कर्मचारी पर कार्यवाही एवं कार्यालयों में प्रतिदिन समय पर उपस्थिति के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, अपर कलेक्टर श्री अरविंद पाण्डेय सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। कलेक्टर ने डेंगू रोग के रोकथाम एवं ▶▶|शेष पेज 12 पर

## योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन तेजी से करें



### निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

समय - सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्र एवं शासकीय राशन दुकानों के निरीक्षण के लिए पंचायतवार नियुक्त नोडल अधिकारियों को माह के द्वितीय शनिवार को ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये। साथ ही निरीक्षण का पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने आवारा मवेशियों के नियंत्रण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने, मौसमी बीमारियों के रोकथाम के उपायो की चर्चा, राशन कार्ड ई-केवायसी, जल जीवन मिशन, वजन त्यौहार, पोषण माह एवं धान खरीदी केन्द्रों के नवीन प्रस्तावों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की।

## खुलासा: तीन माह पहले की थी हत्या, बाड़ी में फिर तौरेंगा के समीप नाले में लगाया लाश को ठिकाने

# महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर की पति की हत्या ससुराल वालों को करती रही गुमराह, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खास खबर



प्रेमी के साथ मिलकर 3 माह पहले अपने पति की हत्या कर लाश नाले किनारे लगा दिया था ठिकाने। बेटे को ढूंढ़ रहे ससुराल वालों को कर रही थी गुमराह। मामला पुलिस तक पहुंचा तो हुआ हत्या का खुलासा। पत्नी की जानकारी पर एसडीओपी की उपस्थिति में शव को निकालने खोदाई की गई। शव का हिस्सा मिलने पर परिजन ने अंतिम संस्कार किया है। पुलिस ने पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

- मामला मैनपुर विकासखण्ड के शोभा थाना क्षेत्र का
- मैनपुर एसडीओपी के उपस्थिति में निकाला गया शव

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड के शोभा थाना क्षेत्र में एक पत्नी ने अपनी प्रेमी के साथ मिल पति की हत्या करने का मामला सामने आया है। ग्राम ढोलसराई निवासी 33 वर्षीय रोहित मरकाम का विवाह पेंड्रा की समारी बाई से सालभर पहले हुआ था। घर की इकलौती बेटी थी, ससुर नहीं थे, ऐसे में रोहित अपने ससुराल में घर जमाई बन कर रहता था। अगस्त माह नवाखाई में जब बेटा घर नहीं पंहुचा तो पिता पुनीत राम ने उसकी तलाश शुरू की। बहू पति के आंध्र कमाने जाना बताती रही। लेकिन पिता का मन नहीं मान रहा था। दो दिन पहले ही उसने गांव वालों से रायसुमारी कर शोभा थाना पहुंचकर पुलिस को बेटे के गुमशुदगी की सूचना दी। पुलिस ने जब पतासाजी शुरू किया तो पूछताछ में पत्नी समारी बाई का जवाब कई सवाल खड़े करने लगे। पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ किया तो प्रेमी के साथ न केवल हत्या की बात बताई बल्कि पहले पेंड्रा में घर के पीछे जहां अपने पति का शव को दफनाया था उस स्थान को बताया। वहां पर बॉडी के कुछ हिस्से मिले फिर उसने 20 किमी दूर नेशनल हाइवे मैनपुर देवभोग मार्ग में तौरेंगा के समीप पड़ने वाले नाला का वह ठिकाना भी दिखा दिया, जहां अपने आशिक के साथ मिल उसने सप्ताहभर पहले अपने पति के लाश को दूसरी बार ठिकाने लगाया था।



### पति को अवैध संबंध की जानकारी लगी तो रास्ते से हटाया

*मैनपुर पुलिस एसडीओपी बाजीलाल सिंह ने बताया कि पत्नी समारी बाई ने 15 जुलाई को हत्या करना बताया है। लोहे के रॉड से शरीर व सिर में कई जगह वार किया था। पुलिस पूछताछ में बताया गया कि प्रेमी के साथ अवैध संबंध की जानकारी लगी तो उसे रास्ते से हटाने के लिए मार दिया। आरोपी पत्नी को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है, आरोपी प्रेमी फरार है।*

### तहसीलदार व बीएमओ की उपस्थिति में निकाला शव

*मैनपुर नायब तहसीलदार रमाकांत कैवर्त और बीएमओ गजेंद्र नेगी को लेकर पुलिस मौके पर पहुंची। बुधवार दोपहर को अधिकारियों की उपस्थिति में बताए गए स्थान में खनन किया गया। खनन में मिले शव का बिसरा प्रिजर्व कर परिजनों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार किए जाने की जानकारी मिली है।*

# 4.65 करोड़ में बनेगा कन्या कॉलेज का भवन, विधायक की पहल पर मिली मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मनवापारा-राजिम

विधायक इंद्रकुमार साहू की अनुशंसा पर नवापारा में कन्या महाविद्यालय निर्माण के लिए 4 करोड़ 65 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। अब महाविद्यालय में पढ़ने वाली बेटियों को कन्या विद्यालय का आश्रय नहीं लेना पड़ेगा। उन्हें स्वयं का अपना नवीन महाविद्यालय भवन प्राप्त हो जाएगा। बता दें कि बेटियों की शिक्षा को महत्वपूर्ण समझते हुए विधायक इंद्रकुमार साहू ने इस मामले को गंभीरता से लिया और इसके लिए जल्द से जल्द राशि स्वीकृत कराई। इसके तहत अब जल्द निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी और काम प्रारंभ हो जाएगा। जानकारी के मुताबिक इसके अलावा विधायक इंद्रकुमार साहू ने नगरवासियों की मांग के अनुरूप विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों के निर्माण हेतु 75 लाख रुपए की विधायक निधि राशि क्षेत्रवासियों को समर्पित किया है। विधायक श्री साहू ने नवापारा नगर के विभिन्न वार्डों के विकास कार्यों के लिए प्रस्तावित 3 करोड़ की राशि का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा है। यह भी जल्द ही स्वीकृत होनी की उम्मीद है।



विधायक इंद्रकुमार साहू का नवापारा भाजपा मण्डल अध्यक्ष उमेश यादव , भाजयुमो मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा,भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अन्नपूर्णा देवांगन, आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक विजय गोयल, जिला मंत्री परदेशी राम साहू , नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा, बॉबी चावला, रवि साहू, मायाराम साहू, योगेंद्र कंसारी, चुम्मन कंडरा, ओमकुमारी साहू, पदमनी सोनी, अनिता-रामेश्वर देवांगन, मुकुंद मेश्राम ,संजय साहू ,भूपेंद्र सोनी, कैलाश तिवारी, साधना सौरज , नीता धीवर, धीरज साहू , टिंकू सोनी ,सिंटू जैन , गुलशन साहू, द्विज साहू, चुम्मन साहू, राजू रजक आदि ने आभार व्यक्त किया है।

# ग्रामीण के घर पकड़ाई 14 नग कीमती लकड़ी वन अमला ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

वन परिक्षेत्र छुरा अंतर्गत अमेठी सहायक वृत्त के पाटसिवनी परिसर में वन कक्ष कमांक 163 से अवैध कटाई कर वनोपज घर में लाकर रखने की सूचना मिलने पर रुपू यादव पिता हिराऊ राम यादव के घर से 14 नग काष्ठ जब्त किया। इस मामले की विवेचना परिक्षेत्र सहायक अमेठी द्वारा की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार अवैध वनोपज कटाई की सूचना पर अमेठी सहायक वृत्त की टीम ग्राम पाटसिवनी में रुपू यादव के घर पहुंची और जांच पड़ताल की। जहां



रूपू के घर से बीजा लट्ठा 06 नग 1.400 घ.मी., बीजा चिरान 8 नग 0.050 घ.मी. कुल काष्ठ 14 नग 1.450 घ.मी. वनोपज की राशि 58424.40/- या 58424.00 जब्त किया। इस मामले की विवेचना परिक्षेत्र सहायक अमेठी द्वारा की जा रही है।





# प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 3 किमी दूर ग्राम जाड़ापदर आईटीआई केन्द्र में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत ब्रिक मेसन बेसिक के 5 वें बैच का प्रशिक्षण सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। देवभोग ब्लाक के 37 हितग्राही सम्मिलित हुआ, जिसमें राजमिस्त्री संघ को ट्रेनिंग दी गई। प्रधानमंत्री योजना के द्वारा संचालित यह विश्वकर्म योजना अत्यंत लाभपूर्ण है, जिसमें आगे चलकर लाभार्थियों को 5 लाख से 3 लाख तक लोन मिलेगा। स्वरोजगार व्यक्तियों को प्रशिक्षण मिलेगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के अधीक्षक संतोष ध्रुव विनोद कुमार चंद्र कुमार साहू अजय साहू अनिल वर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# न्यायधानी में बनेगा राजिम भक्तिन माता चौक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जिला साहू संघ बिलासपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के न्यायधानी बिलासपुर में बहतराई स्टेडियम के पास बिजौर परसाही तिराहा में राजिम भक्तिन माता चौक का नामकरण भूमि पूजन किया गया। समारोह बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, जिला साहू संघ बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ. तिलक साहू, साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू, कार्यकारी अध्यक्ष कृषि वैज्ञानिक डॉ. नारायण साहू, समिति के संरक्षक बोधन साहू, साहू सृजन पत्रिका के संपादक माखन साहू, सह संपादक सुंदर साहू के आतिथ्य में संपन्न हुआ। भूमि पूजन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि जिला साहू संघ की मांग पर बहुत जल्द ही इस चौक का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा और भव्य राजिम भक्तिन माता चौक का निर्माण होगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष एवं समिति के संरक्षक भुनेश्वर साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ के महान विभूतियों को सम्मान मिलना चाहिए राजिम भक्तिन माता छत्तीसगढ़ की महान विभूति है और बहुसंख्यक साहू समाज की आराध्य देवी है। छत्तीसगढ़ राज्य में राजिम भक्तिन माता की गौरव गाथा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रदेश के कोने-कोने में राजिम भक्तिन माता चौक का निर्माण होगा। जिला साहू संघ बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ. तिलक साहू ने कहा कि आज राजिम भक्तिन माता के नाम से न्यायधानी में चौक का ▶▶|शेष पेज 12 पर

- भूमि पूजन समारोह में शामिल हुए जनप्रतिनिधि और सामाजिक सदस्य





## लोगों को लम्बी दूरी तय किये बिना घर में ही मिल रहा पीने का पानी

# विशेष पिछड़ी जनजाति कमार गांव दलदली में जल जीवन मिशन का मिल रहा 24 घंटे लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

गरियाबंद। विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बहुल ग्राम पंचायत महुआभाठा के आश्रित ग्राम दलदली जिला मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर वनों के बीच स्थित है। जहां जनजाति सदस्य आजीविका के लिए मुख्य रूप से वनोपज पर निर्भर रहते हैं। ग्रामीण मौलिक सुविधा पेयजल के लिए दूर दराज़ से पानी लाकर अपनी एवं परिवार की जरूरतें पूरी किया करते थे। सरकार के जनहितैषी योजना

- वनोपज पर ही आधरित है इनकी आजीविका



जल जीवन मिशन ने दलदली गांव के घरों तक नल जल कनेक्शन पहुंचा दिया है। लोगों को जल जीवन मिशन का लाभ मिल रहा है। दलदली के ग्रामीणों को अब पानी लाने के लिए लम्बी दूरी नहीं करना पड़ता है। घर में लगे नल जल कनेक्शन से घर पहुंच पीने के पानी की सुविधा मिल रही है। पेयजल कनेक्शन मिलने से ग्राम की महिलाओं ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए सरकार का आभार जता रहीं हैं।

### ग्रामीणों के स्वास्थ में आ रहा सुधार

*ग्राम की दीपा बाई खुशी-खुशी जल जीवन मिशन के द्वारा नल लग जाने पर अपनी श्रमिक योग्यता का सदुपयोग करते हुए अब घर की आय में बढ़ोतरी कर पा रही है। बच्चे भी अब शिक्षा की ओर ध्यान दे पा रहे है। विभाग से आये लोगों एवं स्कुल से स्वच्छता के बारे में जान कर अब उन विधियों को अपनाते हुए ग्रामीणों के स्वास्थ्य में भी सुधार आया है।*

# राज्यस्तरीय एकल व युगल डीजे डांस प्रतियोगिता 11 को

**अभनपुर**। बाजार चौक दुर्गोत्सव समिति चंडी के तत्वाधान मे एक दिवसीय राज्यस्तरीय भव्य डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन 11 अक्टूबर को रखा गया है। प्रतियोगिता के सामूहिक,एकल व युगल डांस वर्ग के विजेता प्रतिभागियो को नगद एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया जायेगा। उक्त जानकारी जागृत कोसले द्वारा प्रदान की गई है।


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप

### हरियाणा में भाजपा की शानदार हैट्रिकः अशोक



**राजिम।** हरियाणा में बीजेपी की तीसरी बार सरकार बनने पर नवदीप जन कल्याण सेवा समिति एवं राजिम नगर विकास मंच के अध्यक्ष अशोक मिश्रा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सिर्फ बीजेपी ही एक ऐसी पार्टी है जो देश को पुनः विश्व गुरु के स्थान पर ला सकती है। पिछले 10 वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में देश ने विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। रेल नेटवर्क ,हवाई क्षेत्र ,रक्षा क्षेत्र ,स्वास्थ्य सुविधाएं ,शिक्षा के क्षेत्र, एक्सप्रेस वे ,पर्यटन के साथ भारत को दुनिया के 5वीं सबसे बड़ी आर्थिक व्यवस्था के क्षेत्र में ला दिया है वह दिन दूर नहीं जब तीसरी आर्थिक शक्ति बनकर भारत उभरेगी।

पेज 11 के शेष...

### लोगों को आयुष्मान...

नियंत्रण के संबंध में चर्चा कर स्वास्थ्य अमले को आवश्यक स्वास्थ्य व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे कार्यो की जानकारी लेकर निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करवाने के भी निर्देश दिये।

### न्यायधानी में बनेगा...

नामकरण हुआ है और आने वाले समय में जिला साहू संघ द्वारा अभियान चलाया जाएगा। समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने कहा कि आज का यह ऐतिहासिक कार्यक्रम तैलिक वंश के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति द्वारा पूरे प्रदेश भर में राजिम भक्तिन माता चौक नामकरण का अभियान चलाया जा रहा है और इस अभियान को तन मन धन से समिति के कार्यकारी अध्यक्ष एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कार्यकारी प्रदेश संयोजक कृषि वैज्ञानिक नारायण साहू द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है वह सराहनीय है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. नारायण साहू ने कहा न्यायधानी बिलासपुर नगर में /"राजिम भक्तिन माता चौक स्थापित होने जा रहा हैं। इसे सामाजिक उत्थान एवं समाज में महाजागरण होगा न्यायधानी बिलासपुर नगर में राजिम भक्तिन माता चौक की स्थापना का संकल्प और प्रयास छत्तीसगढ़ साहू समाज के गौरव वृद्धि में सहायक होगा। इस अवसर पर जिला साहू संघ बिलासपुर के अध्यक्ष डॉ. तिलक साहू, महामंत्री पप्पू साहू, संरक्षक काशीराम साहू, डॉ. के के साव, उपाध्यक्ष गौरी साहू, डॉ. उषा साहू, मुकेश साहू, रामबिहारी साहू, भुनेश्वर साहू, जीतू साहू, दौलत साहू, विष्णु साहू, संतराम साहू, रामदयाल साहू, राजू साहू, रामशरण साहू, घनश्याम साहू, दुर्गेश साहू, यूआर साहू, सुरेश साहू, बच्चाराम साहू सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

---

आयोजन : लफंदी के अटल चौक में हुई लोकसंध्या की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

# छत्तीसगढ़ में विकास कार्य हो रहे साय-साय, 31 सौ रुपए प्रति क्विं. में फिर खरीदेंगे धानः विधायक साहू





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

नवरात्रि के पावन पर्व पर लफंदी के अटल चौक-बाजार चौक में आयोजित लोकसंध्या के रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने उपस्थित जनसमुदाय को नवरात्रि पर्व की बधाई देते हुए कहा कि मां दुर्गा की कृपा हमेशा आप सब पर बनी रहे। मां की पूजा हम सब बहुत ही पवित्र मन से करते है। आस्था और विश्वास के साथ व्रत-उपवास रखते है। मंदिर और पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र,गांव और परिवार की खुशहाली की कामना करते है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि का यह पर्व ऐसा पर्व है जिससे गांव और घर का वातावरण शुद्ध हो जाता है। लफंदी गांव में हम बचपन से आ रहे हैं। एक-एक घर परिवार के साथ पारिवारिक रिश्ता बना हुआ है। विधानसभा और लोकसभा चुनाव के दौरान आप लोगों ने भारी साथ दिया है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी। आज हर माता के खाते में 1 हजार रुपए पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दे रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास के लिए जिनका भी नाम छूटा हो उन्हें भी इसका लाभ मिलेगा। मार्मिक अंदाज में विधायक श्री साहू ने कहा कि चुनाव के दौर में जब वे यहां आये थे तो कई माता-बहनों ने अपने जर्जर घरों को दिखाया था। अब उनके दिन फिरेंगे सबका आवास बनेगा। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में गरीबों के आंसू नही निकलने देंगे। राज्य की साय सरकार 31 सौ रूपए में धान की खरीदी इस बार भी करेगी और बोनस भी दिए जाएंगे। राज्य में साय-साय काम हो रहा है। लिहाजा जिसकी सरकार है उसी के प्रतिनिधि के रूप में ग्राम पंचायत में भी चुनना होगा तो गांव में विकास की रफतार को पंख लगेगी। विधायक श्री साहू ने सरपंच इंद्राणी-नेहरू साहू की मांग पर विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 15 लाख रुपए स्वीकृत किया। युवाओं की मांग पर जिम के लिए डेढ़ लाख रुपए और महिला कमांडो को 10 हजार तथा महामाया मंडली को 5 हजार रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में जनपद सभापति जगदीश साहू,विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा,कौंदकेरा शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा सहित बड़ी संख्या में माता-बहनें एवं ग्रामवासी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन निरंजन साहू ने किया।

### गांव में समरसता का वातावरण बनाकर रखना सबकी जिम्मेदारीः चंद्रशेखर

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि 2023 के विधानसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ में टॉप टेन में जितने वालों में विधायक रोहित साहू शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय की तारीफ करते हुए श्री साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति की परंपरा को वे बखूबी निभा रहे है। जिस गांव का मुखिया अच्छा रहता है। गांव को एकजुट रखता है वहां विकास कार्यो की कमी नहीं होती। गांव में समरसता का वातावरण बनाकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यहां जो सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहा है उसे विधायक श्री साहू ने दिलाया है।

---

# देवझर-अमली सड़क जर्जर होने से लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

एम्बुलेंस या महतारी वाहन गांवों तक नहीं पहुंच पा रहे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

विकासखंड से 33 किमी दूर जुगाड़ मुख्य मार्ग से जानी वाले देवझर-अमली सड़क बहुत ही जर्जर हो गया है। जिससे लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। यहां के ग्रामीणों ने शासन प्रशासन को कई बार अवगत भी कराया गया, लेकिन इसकी कोई भी सुनवाई नहीं होती है। अमाड़ पंचायत के अंतर्गत तीन गांव आते हैं देवझर,अमली कुमकोट बहापारा अमाड़ आते हैं। यहां के लोगों का कहना है कि बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। राशन लेने जाने के लिए भी दिक्कत हो रही है। गांव के लोगों का यह भी कहना है कि यहां आज तक रास्ते के अभाव के वजह से इस क्षेत्र में एम्बुलेंस या महतारी वाहन अभी तक पहुंच नहीं पाई है। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने बताया कि इस क्षेत्र के लिए हमने कई बार शासन- प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत करा चुके है, फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है।

### चार माह बन जाता है टापू

*यह क्षेत्र टाईगर रिजर्व अन्तर्गत आता है। ग्रामीण नरहरी सोरी, कुमुराम मांझी गोपाल, मदन गोपाल माधव सोम एवं ग्रामीणों का कहना है कि गांव तक पक्की सड़क का निर्माण किया जाए। इस मार्ग में नदी नाले में पुल निर्माण नहीं होने के कारण बारिश के चार माह यह क्षेत्र टापू में तब्दील हो जाता है।*

---

# 200 से अधिक लोग करेंगे रक्तदान, 150 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



- सामाजिक कार्यकर्ता रुपसिंह के जन्मदिन 14 अक्टूबर के लिए तैयारियां जोरों पर

भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता रूपसिंग साहू के जन्मदिन के अवसर पर गरियाबंद जिला के उनके युवा मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अक्टूबर को विभिन्न रचनात्मक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

आयोजन से जुड़े पूर्व सरपंच रामाधार साहू, पूर्व सरपंच बिजली मोती राम निषाद, सरपंच सिर्रीखुर्द टिकेश साहू, जनपद सभापति किर्ती गजेन्द्र निषाद, रूपेश भानू साहू करचाली हेमलाल नेताम रानीपरतेवा भारत साहू हरदी ने बताया कि इस अवसर पर फिंगेश्वर के ग्राम मड़वाडीह स्थित धार्मिक स्थल मांडव ऋषि आश्रम बाबा कुटी में डॉ. भीमराव आंबेडकर अस्पताल रायपुर के मॉडर्न ब्लड बैंक के तत्वावधान में विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। प्रसिद्ध उपाध्याय हॉस्पिटल मोहबा बाजार रायपुर के विशेषज्ञ डाक्टर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। जिसमें हड्डी रोग, जनरल सर्जन, स्त्री रोग, चर्म रोग, एमडी मेडिसिन, बीपी शुगर, ईसीजी आदि जांच के लिए स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी । शिविर में रक्तदान हेतु 150, स्वास्थ्य परीक्षण कराने 120 से अधिक लोगों द्वारा अब तक पंजीयन करवा चुके हैं । दोनों ही संख्या 14 अक्टूबर को 200 पार जाने की संभावना हैं। 14 अक्टूबर को रुपसिंग सुबह 10 बजे कार्यक्रम स्थल पहुंच गौमाता पूजन कर दोनों ही शिविर का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद 11 बजे कार्यकर्ताओं व सामाजिकजनों के साथ फिंगेश्वर स्थित मौली माता मंदिर में पूजन करेंगे। दोपहर 12 बजे फिंगेश्वर के ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों को फल वितरण करेंगे । वहां से कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। पहुंचने पर रुपसिंग का फटाका, राऊत नाच व ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत कर मंचासीन कराया जाएगा। कार्यकर्ताओं व सामाजिकजनों की उपस्थिति में केक काटकर जन्मदिन मनाएंगे । कार्यक्रम को संबोधित करने के साथ ही रुपसिंग दिव्यांगों और क्षेत्र के पत्रकारों को श्रीफल व गमछा भेंटकर सम्मानित भी करेंगे । कार्यक्रम में लोगों के मनोरंजन हेतु छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक लोककला मंच कार्यक्रम भी होगा। आगन्तुकों के लिए भोजन व्यवस्था भी रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने युवा मित्र मंडल के पदाधिकारी , सदस्यगण, शुभचिंतकों जोर-शोर से लगे हुए हैं । आयोजकों ने लोगों से जनहित में बढ़-चढ़कर रक्तदान करने और स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का लाभ उठाने की अपील की है ।

---

# मैनपुर क्षेत्र में मशरूम की हो रही जमकर बिक्री



**मैनपुर।** बारिश के मौसम में जंगली फुटू की आवक मैनपुर नगर व क्षेत्र में बढ़ गई है। इसकी कीमत बहुत ज्यादा है। इन दिनों भिंभोरा फुटू, पैरा फुटू, मजूरमांडी का जायका लोगों को खूब भा रहा है। बारिश के मौसम में जंगल में इसकी पैदावार जमकर हो रही है। वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले ग्रामीण जंगल में सुबह फुटू संग्रहण करने जाते हैं। इसे बड़ी सावधानीपूर्वक संग्रहण कर बाजार तक लाया जाता है। ज्ञात हो कि कई प्रकार के फुटू मशरूम जहरीले भी होते हैं, इसलिए इसकी पहचान बहुत जरूरी है। खासकर इसे ग्रामीण इलाके के लोग पहचान कर ही सही और अच्छे फुटू की बिक्री करने बाजार तक ला रहे हैं। विकासखण्ड मैनपुर के वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों जंगली मशरूम फुटू की बहार छाई हुई है। इन दिनों जंगल क्षेत्रें में पान फूटू बड़ी मात्रा में निकलने लगा है। ग्रामीणों द्वारा झोला भर—भर के फूटू को ला रहे हैं।

---

# गांधी मैदान में 5 नवम्बर को होगा एक दिवसीय राज्योत्सव का आयोजन

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने जिला मुख्यालय में 5 नवम्बर को एक दिवसीय जिला स्तरीय राज्योत्सव का आयोजन स्थानीय गांधी मैदान में करने के निर्देश दिये है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को इसके लिए आवश्यक तैयारियां एवं कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। एक दिवसीय राज्योत्सव में विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं के प्रदर्शन के लिए स्टॉल भी लगाए जायेंगे। इसके लिए कार्ययोजना तैयार की गई है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल द्वारा जिला प्रमुख अधिकारियों को राज्योत्सव आयोजन के संबंध में निर्देश देते हुए संबंधित विभागों को कार्य दायित्व भी सौंपे गए। जिला मुख्यालय में 5 नवम्बर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन के उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों के द्वारा उक्त दिवस सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। 1 से 5 नवम्बर तक रात्रि में शासकीय भवनों में रोशनी की जायेगी। जिला स्तरीय राज्योत्सव में जिला मुख्यालय स्थित प्रमुख विभागों के थीम आधारित स्टॉल लगाये जायेंगे। महिला समूहों के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। कलेक्टर द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभागीय अधिकारियों को कार्य दायित्व सौंपे गये हैं। जिसके तहत जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव को सम्पूर्ण कार्यक्रम का नोडल अधिकारी एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक नोडल अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी गरियाबंदराकेश कुमार गोलछा को बनाया गया है। इसके अलावा नगर पालिका गरियाबंद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आयोजन स्थल का साफ-सफाई, पेयजल, टैंकर व्यवस्था, सभी सीईओ और सीएमओ को आमंत्रण पत्र वितरण करने, हितग्राहियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने-ले जाने की व्यवस्था, जिला सेनानी नगर सेना का फायर ब्रिगेड की व्यवस्था, मंच निर्माण, स्टॉल निर्माण, बैरेकेटिंग आदि कार्य पी.डब्ल्यू.डी विभाग करेगा।

**उद्यानिकी विभाग करेगा पुष्प साज-सज्जा-** साउंड एवं लाइट व्यवस्था विद्युत यांत्रिकी, सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं जिला शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सा व्यवस्था व एम्बुलेंस, पुष्प एवं सज्जा के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, विभागीय स्टॉल आबंटन महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार तथा सांख्यिकी विभाग को सौंपा गया है। वन विभाग को स्वल्पाहार एवं बांस बल्ली की व्यवस्था तथा कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार का दायित्व जनसम्पर्क विभाग सहित अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों का राज्योत्सव की तैयारी के दायित्व सौंपे गये है।

---

# भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी मंडल मैनपुर के वृहद सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक आहूत की गई। मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश साहू भाजपा जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष दुलार सिन्हा का मार्गदर्शन मिला। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने सभी सम्मानित पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सभी शक्ति केंद्र के प्रभारी बूथ अध्यक्ष बूथसचिव से पूछताछ की। सभी बूथों की समीक्षा कर आने वाले दिनों में पूर्ण करने के लिए कहा गया। बैठक में विधानसभा संयोजक नरोत्तम साहू भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप साहू भाजपा जिला मंत्री सरिता ठाकुर पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रामस्वरूप साहू युवा मोर्चा अध्यक्ष महेश कश्यप मंडल उपाध्यक्ष राकेश दुबे जनपद सभापति मनोज मिश्रा डाकेश नेगी किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप शर्मा पिछला वर्ग मोर्चा अध्यक्ष बाबूलाल साहू राजेंद्र तिवारी रामजी साहू बिसेसर सिक्का, चवर साय देवश्नी दिनेश नागेश मनोज निर्मलकर चौनूराम महिला मोर्चा अध्यक्ष कुमारी बाई पटेल हिमेश्वरी कश्यप हरीश यादव जनक यादव हरचंद यादव अजय बघेल सहित भाजपा मंडल मैनपुर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# दुर्गा पंडालों , मंदिरों में देवी दर्शन के लिए उमड़ रहे श्रद्धालु



**रसेला।** अंचल का समूचा क्षेत्र इन दिनों शक्ति की भक्ति में पूरी तरह डूब गया है। क्षेत्र के तमाम मंदिरों देवालय व दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा है। गांव गांव से सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन के लिए आ रहे हैं। दुर्गा पंडाल स्थल पर सजाये गये नयनाभिराम झांकी देखने शाम से देर रात तक पहुंचते हैं। इसके अलावा नवरात्र पर्व पर विभिन्न पंडालों में गरबा नृत्य व डांडिया का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह के माहौल अन्य मंदिर व देवालयों में भी बने हुये हैं जहां जसगीत देवी भक्ति गीत के अलावा अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। जिसमें भजन संध्या जगराता व तरह तरह के अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जा रहें हैं। इसी कड़ी में ग्राम कुडेरादादर के दुर्गा पंडाल में भक्तों द्वारा सुबह शाम विधिवत पूजा अर्चना कर माता रानी के आस्था में डूबे हुए हैं। जिसमें पुजारी खेमचंद सोरी, समारू सोरी, महेश नेताम, नारायण सिंह ठाकुर, जगदीश सेन, देवकरण नेताम, गजेन्द्र दीवान, कुमारी संध्या, दूर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी आदि जुटे हुए हैं।

---

# गांव से लेकर शहर तक लोगों को करें जागरूक नशापान से होने वाले नुकसान के बारे में बताएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद



- कलेक्टर ने नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक ली
- स्कूल व कालेजों में नशे के खिलाफ जागरुकता लाने कराएं कार्यक्रम

नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले में लोगों को नशे से दूर करने नई रणनीति बनाई जा रही है। इस संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले में नशे से उत्पन्न होने वाले दुष्प्रभाव एवं उनको दूर करने के उपायों पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव भी मौजूद थी।

बैठक में जिले को नशामुक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गांव-गांव और शहर-शहर जाकर लोगों को जागरूक करें, नशे से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दें और विशेष रूप से युवाओं के बीच इस अभियान को मजबूत करने को कहा। बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, महिला बाल विकास विभाग और समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। श्री अग्रवाल ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए सामुदायिक भागीदारी बहुत जरूरी है। साथ ही, उन्होंने नशा करने वालों के पुनर्वास के लिए भी योजनाएं बनाने पर जोर दिया। उन्होंने स्कूलों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराने के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जिले में अवैध नशीली पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर कड़ी रोक लगाने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे की समस्या से निपटने के लिए जिले भर में विशेष अभियान चलाया जाए और अवैध नशीली पदार्थों के व्यापार में शामिल लोगों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी की जाए, नशीले पदार्थों की आपूर्ति की कड़ियों का पता लगाया जाए और तस्करी करने वालों पर निगरानी रखी जाए। कलेक्टर ने नशामुक्त भारत अभियान के तहत जिले के लोगों को नशा से होने वाली बीमारियों के बारे में जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग और समाजसेवी संगठनों को कहा कि वे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाएं, जिसमें नशा से जुड़ी गंभीर बीमारियों के बारे में जानकारी दी जाए। इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों में भारत माता वाहिनी के महिलाओं की टीम के साथ रैली निकालकर गांव को नशामुक्त करने के लिए प्रचार-प्रसार करें। इससे अधिक से अधिक लोगों को जोड़े। नशे से लोगों को इन बीमारियों के बारे में जानकारी दें और नशे से दूर रहने के उपाय सुझाएं। जागरूकता के लिए प्रचार-प्रसार कर हेल्पालाइन नम्बर जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान गैर सरकारी संगठन में कार्य करने वाले सदस्यों ने नशामुक्ति के लिए अपने सुझाव भी रखे। बैठक में बताया कि जिला मुख्यालय गरियाबंद में 15 बिस्तरों वाला नशामुक्ति केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा योगा, मेडीटेशन, निशुल्क निवास, भोजन एवं दवाई उपलब्ध कराई जाती है।

**ये रहे उपस्थित**-इस अवसर पर समाज कल्याण के उप संचालक डी.पी ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत, जिला परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास अशोक पाण्डेय, सीएमएचओ डॉ. गर्गी यदु पाल, एनजीओ से मनोज कुमार साहू, रामगुलाम सिन्हा, ढेलुराम निर्मलकर, केशर निर्मलकर, उदय कुमार साहू, उपस्थित थे।

---

ग्राम गोहरापदर में विकासखण्ड स्तरीय आवास मेला में पहुंचे पूर्व संसदीय सचिव

# हर गरीब परिवार के आवास का सपना हो रहा है साकारः मांझी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर






विकासखण्ड स्तरीय आवास मेला एवं नये स्वीकृत आवासों का भूमि पूजन तथा पूर्ण हो चुके आवासों का लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम गोहरापदर में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी , श्रीमती नूरमती मांझी अध्यक्ष जनपद पंचायत मैनपुर, श्रीमती नंदकुमारी राजपुत उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मैनपुर, पुनीत राम सिंन्हा श्रीमती हेमादी मांझी सरपंच ग्राम पंचायत गोहरापदर, श्रीमती पुष्पा सोरी सरपंच ग्राम पंचायत उरमाल, लम्बोधर साहू,चन्द्रप्रकाश साहू , श्रीमती लक्ष्मी पटेल,अल्तमस खान ,सोपसिंह नेताम उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत मैनपुर में स्वीकृत वर्ष 2016—17 से 2022—23 तक कुल 10620 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिसमें से आज तक 9389 आवास पूर्ण है एवं शेष 1231 आवास अपूर्ण एवं निर्माणाधीन है, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान अंतर्गत विशेष पिछडी जनजाति (कमार) परिवारों का सर्वे कर कुल 982 आवास स्वीकृत है जिसमें से 106 आवास पूर्ण एवं 876 आवास अपूर्ण एवं निर्माणाधीन है। वर्तमान में स्वीकृत वर्ष 2024—25 में जनपद पंचायत मैनपुर को स्थाई प्रतिक्षा सूची में से 9299 आवास का लक्ष्य दिया गया है। जिसमें से 8305 परिवारों का पंजीयन एवं जियो टैगिग का कार्य पूर्ण लिया गया है जिसमें से 8090 हितग्राहियों का स्वीकृति प्रदाय कर 7583 हितग्राहियों को प्रथम किस्त की राशि एफटीओ के माध्यम से खाते में हस्तांतरित की जा चुकी है। साथ ही आवास प्लस अनुपूरक सूची में सामिल 5663 परिवारों मे से 1338 आवास का लक्ष्य प्राप्त हुआ है जिसमें से 674 हितग्राहियों का पंजीयन शेष परिवारों का पंजीयन कार्य जारी है। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी द्वारा उपस्थित समस्त हितग्राहियों से आग्रह किया गया कि समय सीमा में आवास पूर्ण करें ताकि शेष छूटे हुए पात्र परिवारों को आवास का लाभ मिल सके। केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णुदेव सरकार द्वारा हर गरीब परिवार के आवास का सपना को सकार किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से बनी है गांव गरीब किसान मजदूर सभी वर्गो के विकास के लिए सरकार द्वारा कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम, पारा, मोहल्ला में जनचौपाल का कार्यक्रम कर हितग्राहियों को प्रेरित कर समयसीमा में आवास पूर्ण कराने सहयोग प्रदान करें।

### गृहप्रवेश व आवास निर्माण का हुआ भूमिपूजन

कार्यक्रम में अर्जुन यादव पिता कमल यादव एवं नारायण सिंह पिता इच्छाराम नामदेव का गृहप्रवेश कराया। अपूर्व यादव पिता,डमरूधर यादव, श्रीमती नीरा यादव पति पुनित राम एवं घनश्याम ठाकुर पिता अमर सिंह ठाकुर के आवास निर्माण का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में डी. के. शाण्डील्य अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रमेश कंवर, कार्यक्रम अधिकारी प्रभारी विकासखण्ड समन्वयक,प्रणय कुमार साहू, तकनीकी सहायक, तोमेश्वर प्रसाद साहू, तकनीकी सहायक, पुस्तम नागेश, सचिव, चम्पेश्वर दास, जलंधर सिंह राजपूत उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## किसान संघ की जिला बैठक आज

**महासमुंद।** भारतीय किसान संघ जिले टीम की बैठक 10 अक्टूबर 02 बजे देव संस्कृति स्कूल में आहूत की गई है। जिसमें जिला कार्यकारिणी, ब्लाक से अध्यक्ष, मंत्री या सहमंत्री की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में जिला गठन में छूटे प्रभार पूर्ण करना, प्रांत स्तरीय सम्मेलन में जाने संबंधी, रसीद बुक जमा करना एवं अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी धनंजय साहू जिला मंत्री एवं कुबेर गिरि गोस्वामी जिला अध्यक्ष भाकिसं ने दी है।

## थल सेना के बारे में दी गई जानकारी

**महासमुंद।** स्थानीय फारेस्ट ग्राउंड में अग्निवीर प्रशिक्षण के बच्चों को भारतीय थल सेना दिवस के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप नेवी सैनिक, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पूर्व सैनिक केएल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

## नर्सिंग प्रवेश, एक के पीछे दस का नियम, मिला चार सीट पर एक कैंडिडेट

**रायपुर।** हर साल की तरह इस बार भी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 50 फीसदी न्यूनतम अंक वाले उम्मीदवारों का टोटा नजर आ रहा है। बीएससी प्रवेश के स्ट्रे राउंड के लिए 4904 सीटे खाली हैं, जिसके लिए सूची में 1292 उम्मीदवार हैं और सूची के आधार पर 10 अक्टूबर तक एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार मॉपअप राउंड के बाद रिक्त सीटों में भर्ती के लिए एक सीट के पीछे दस उम्मीदवार प्रावीण्य सूची के अनुसार दिया जाना होता है। बीएससी में एडमिशन के लिए अभी पचास प्रतिशत न्यूनतम अंक का नियम लागू है और उपलब्ध सूची में नाम के अनुसार चार सीटों के पीछे एक उम्मीदवार मिल रहे हैं। राज्य में बीएससी की 7631 सीट है, जिसमें से 2717 में प्रवेश हो पाया है। अगले दो दिन में कुछ और एडमिशन होने का अनुमान है।

## परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में करें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने एक बैठक ली। बैठक में सामान्य प्रशासन विभाग और नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त परिसीमन और आरक्षण की कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, परिसीमन और आरक्षण की प्रक्रियाएं चुनाव के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती हैं, जिससे समय पर और निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके।

### तैयारी : भाजपा-कांग्रेस दोनों दलों के लोग पहुंचने लगे लोगों के बीच

# नगरीय निकाय चुनाव से पहले दावेदार चरण वंदन करने में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजिम में उत्साह चरम पर है। हालांकि अभी आरक्षण का अता- पता नहीं है कि किस वर्ग के लिए होगा? महिला का होगा, कि पिछड़ा वर्ग अथवा सामान्य? पर यहां सभी वर्ग के लोग दावेदारी जताने के लिए तैयार दिख रहे हैं। कुल 15 वार्ड हैं जिसमें पार्षद पद के लिए नाम चिन्हांकित करने का सिलसिला दोनों ही पार्टी भाजपा और कांग्रेस में भीतर ही भीतर चल रहा है। शहर में अधिकांश लोगों को यह मालूम है कि कौन से वार्ड से कांग्रेस का उम्मीदवार कौन हो सकता है और कौन सा भाजपा का। शायद दोनों पार्टी के नेताओं ने संभावित उम्मीदवारों को ईशारे ही ईशारों में बता दिया है। लिहाजा ऐसे स्थानीय नेता वार्डों में घूम-घूम कर अपना न केवल पोजीशन बनाने में लग गए हैं, बल्कि चरण वंदन भी करने लगे हैं। पिछले दिनों गणेश उत्सव का पर्व हुआ और अब दुर्गोत्सव का पर्व चल रहा है। जिसमें अपनी भागीदारी निभाने में कोई कसर भी बाकी नहीं रख रहे है। जहां तक, जितना हो सके यथासंभव सहयोग भी कर रहे है। इनमें से कई ऐसे भी है जो साल भर पहले तक सीना तानकर अकड़ कर चलते हुए नजर आते थे, वे अब अपने सारे लाज-शरम को छोड़कर सीधे पैर पड़ने को आतुर दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि जहां चार लोग बैठे दिखे नहीं कि वहां पहुंचकर अपने आपको अच्छे ढंग से प्रस्तुत करने में हिचकिचा भी नहीं रहे हैं। यह हाल भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टी के दावेदारों का है। आगे देखना होगा कि वार्डो में टिकट किसे मिलती है? खास बात यह है कि जो अभी वर्तमान में पार्षद हैं उनमें से अधिकतर लोग भी आगामी चुनाव के लिए सीना ताने हुए हैं।




### आरक्षण के बाद पार्टियां बनाएंगी रणनीति

*बहुतो को यह नही मालूम कि कांग्रेस इस बार शहरीय मतदाताओं को रिझाने में कोई कसर बाकी नही रखने वाली हैं। बड़ा सवाल यह हैं कि दोनो पार्टी आरक्षण के बाद अपनी रणनीति किस तरह की तैयार करेगी? वैसे स्थानीय चुनाव में उम्मीदवार का चाल, चरित्र और चेहरा ज्यादा मायने रखता हैं। बुद्धजीवी वर्ग अपने हिसाब से सोचते हैं। गरीब तबके के लोग अपने हिसाब से। चुनाव चाहे कोई भी हो अब महंगा हो चुका हैं। उम्मीदवारो से जनता की अपेक्षाएं काफी बढ़ चुकी हैं। जो उम्मीदवार मतदाताओं के ईच्छा के अनुरूप उनकी अपेक्षाओं पे खरा उतरेंगे, रिझाने में सफल होंगे, उसे ही सपोर्ट मिल पाएगा। फिर तो राजिम, जिले का सबसे ज्यादा जागरूक और शिक्षित शहर कहलाता हैं। स्थानीय चुनाव में मुद्दे भी स्थानीय होते हैं। इन मुद्दो को कैसे भुनाया जाएगा, ये भी यहां के स्थानीय नेता बखूबी जानते हैं। स्थानीय चुनाव में निर्दलीय भी अपना किस्मत आजमाते है और इस बार भी आजमाएंगे। मैदान में उतरने को कईयो उत्सुक है। यह आरक्षण की घोषणा के बाद ही पता चलेगा। बहरहाल चुनावी समीकरण भी कई बार बनेगा और बिगड़ेगा भी। यह सब उस समय के परिस्थिति के ऊपर निर्भर करेगा। दुश्मन भी दोस्त बनेंगे और दोस्त भी दुश्मन बन जाएंगे। कहना न होगा राजिम के तासीर में शामिल राजनीति और कुटनीति के गुणा भाग को समझ पाना इतना आसान काम नही है। कब किसको निपटा देंगे ? और कब तो किसे सिर पर बिठा देंगे ये कुछ कहा नही जा सकता।*

### आरक्षण का अता-पता नहीं पर लड़ाके अभी से तैयार, अध्यक्ष बनने कई हैं लालायित

आरक्षण का अता-पता नहीं हैं पर लड़ाके अपने आपको न केवल तैयार कर रहे हैं, बल्कि जनसंपर्क भी करने लग गए हैं। जिले में अब चार की जगह पांच निकाय हो गए हैं, जिसमें राजिम, फिंगेश्वर, छुरा और कोपरा नगर पंचायत हैं, जबकि गरियाबंद को नगर पालिका का दर्जा प्राप्त हैं। जिले का बड़ा शहर राजिम की बात करे तो यहां के लड़ाके तैयार तो हैं, मगर वे आरक्षण का बेसब्री से प्रतीक्षा कर रहे हैं। शहर के मतदाताओं को अभी से मालूम हो गया हैं कि भारतीय जनता पार्टी से किसे प्रत्याशी बनाया जा सकती हैं और कांग्रेस से कौन हो सकता हैं उम्मीदवार? भाजपा अभी अति उत्साह में दिख रहा हैं कारण भी साफ हैं केंद्र और राज्य में सरकार भाजपा की है और विधायक सांसद भी यहां भाजपा के हैं। नगरीय निकाय के चुनाव में उन्हें परिस्थिति अनुकुल नजर आ रहा हैं। इस लिहाज से दावेदार भी कई हो गए हैं। भाजपा से जो नाम उछलकर सामने चल रहे हैं उसमें नपा अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अधिवक्ता महेश यादव, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा ,नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी ,अशोक मिश्रा का नाम शामिल हैं। जबकि कांग्रेस की बात करें तो नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पवन सोनकर ,जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रशासनिक महामंत्री अधिवक्ता विकास तिवारी का नाम प्रमुखता से सामने आ रहा हैं। उधर भाजपा के दो दावेदार महेश यादव और कमल सिन्हा विधायक रोहित साहू के करीबी माने जा रहे हैं और इधर कांग्रेस के दोनो दावेदार पवन सोनकर और विकास तिवारी भी पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल के करीबी के रूप में जाने जाते हैं। वर्तमान विधायक और पूर्व विधायक दोनो के लिए इस बार द्वुविधाजनक स्थिति पैदा होगी। इस बड़े संकट से वे कैसे उबरेंगे? किसे खुश करेंगे, किसे नाराज करेंगे? ये समय बताएगा। बहरहाल उस समय के परिस्थिति के ऊपर निर्भर करेगा जब आरक्षण का पिटारा खुलेगा। जानकारो की माने तो कांग्रेस को यदि इस चुनाव में भाजपा हल्के में लेगी तो उनके लिए यह बहुत बड़ी भुल और धोखा होगा। क्योंकि कांग्रेस का मोर्चाबंदी कब का शुरू हो चुका हैं।

## अमलीपदर में नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की बढ़ी भीड़

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व धुमधाम के साथ मनाया जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में इन दिनों चारों तरफ माहौल धार्मिकमय हो गया है। ग्राम अमलीपदर में शारदीय नवरात्रि का पर्व धुमधाम के साथ प्रारंभ हुआ है, जहां आचार्य पं. युवराज पांडेय द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना की जा रही है एवं हर दिन पूजा अर्चना करने बड़ी संख्या में श्रध्दालुगण पहुंच रहे हैं। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अमलीपदर द्वारा आकर्षक ढंग से साज सज्जा और सजावट की गई है, जो सुन्दर नजर आ रहा है। पुरानगर का माहौल धार्मिकमय हो गया है। नवरात्रि के पूरे नौ दिनों तक यहां सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।





## लफंदी में नवीन ग्राम पंचायत भवन उद्घाटित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम से लगे हुए गांव लफंदी में मंगलवार की देर शाम विधायक रोहित साहू ने नवीन ग्राम पंचायत भवन का उदघाटन किया। इसके बाद विधायक ने भारत माता की पूजा-अर्चना कर नवीन भवन के कमरों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर विशेष रूप से जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जनपद सभापति जगदीश साहू, महिला सरपंच इंद्राणी साहू, उपसरपंच नेहरू साहू, राजिम मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, कौंदकेरा के शाला विकास समिति के अध्यक्ष ओंकार साहू, विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा, किशोर साहू, लोकनाथ साहू, ग्राम पंचायत के सचिव रेखा साहू, पोखराज सेन, पंच रेखा साहू, एनुराम साहू, गीता ध्रुव, कंचन साहू, रेखा साहू, विनोद यदु, दीनदयाल साहू, लक्ष्मी साहू, हेमिन साहू, विद्या साहू, पिंकी साहू, कौशिल्या विश्वकर्मा, मनहरण साहू, चंद्रकुमार साहू, नरेश साहू, तेजीन साहू, मिलाप साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे। ग्राम पंचायत भवन निर्माण की मजबूती और खूबसूरती को देखकर विधायक श्री साहू ने सरपंच इंद्राणी-नेहरू साहू की तारीफ किया।



## गुड़ेलाभाठा में महिलाओं को दी गई कानूनी जानकारी

**महासमुंद।** जिले में विधिक जागरुकता विषयों पर आधारित तथा विशेष कानूनी थीम पर अधारित जिला न्यायालय तथा तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायाधीशों द्वारा ग्रामों, ग्राम पंचायतों, नगरीय क्षेत्रों तथा विभिन्न विद्यालय महाविद्यालय में जाकर विधिक जागरूकता पर आधारित शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महासमुंद के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा जनपद क्षेत्र के सूदूर अंचल के ग्राम गुड़ेलाभाठा सामुदायिक भवन पहुंचकर कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित गांव के हेमिन बाई और चंपा ठाकुर द्वारा बड़े ही उत्सुकता से कानून के बारे में पूछताछ करने लगे, जिससे कानून के अन्य मुद्दों पर भी चर्चा होने लगे, जिस संबंध में सचिव चंद्रा द्वारा बड़े सरल एवं सहजतापूर्ण सामान्य भाषा में कानून के सामान्य पहलुओं पर अवगत कराया गया। जागरुकता कार्यक्रम महिलाओं से संबंधित होने वाले अपराध, यौन उत्पीड़न, घरेलु हिंसा, टोनही प्रताड़ना अधिनियम तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं दिए जाने वाली विधिक सहायता तथा सलाह के बारे में विस्तापूर्वक जानकारी दी गई। इसके अलावा सचिव चंद्रा ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो एवं उनके द्वारा दी जाने वाली विधिक सहायता अथवा सलाह के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39 ए में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गों के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। संविधान के अनुच्छेद 14 और 22 (1) के तहत राज्य का यह उत्तदायित्व है कि वह सबके लिए समान अवसर एवं समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए एक तंत्र की स्थापना करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पारित किया गया। जिसके तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है।

## गांवों में खुलेआम बिक रही शराब और गांजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष होरीलाल वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के सैकड़ों गांव में अवैध शराब एवं गांजा की बिक्री खुलेआम हो रही है। श्री वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के कोपरा, श्यामनगर, धूमा, परतेवा, लफन्दी, बेलटुकरी, किरवई, बरोंडा, बकली, अरंड जैसे सैकड़ों गांव जहां बिना भट्ठी के आसानी से शराब उपलब्ध हो जाती है। इसके गिरफ्त में छोटे-छोटे बच्चे आ चुके हैं। श्री वर्मा ने कहा कि इस अवैध कार्य के कारण घर में लड़ाई, झगड़ा एवं मानसिक तनाव बढ़ चुका है। पढ़ने वाले बच्चे भी आज इस अवैध कार्य में संलिप्त नजर आ रहे हैं जो चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इतना सब कुछ खुलेआम होने के बावजूद पुलिस प्रशासन हाथ पे हाथ धरे बैठी है। गांव-गांव में इतने अधिक शराब बेचने वाले हो गए है कि लोगों को राजिम अथवा फिंगेश्वर भट्ठी जाने की जरूरत नहीं पड़ती। इस अवैध कार्य के कारण हर गांव में लड़ाई झगड़ा की घटनाएं बढ़ चुकी है।



### पांडुका में दुर्गा मां की पूजा धूमधाम से जारी...



**राजिम।** पांडुका के गायत्री मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है, जहां भक्तगण बड़ी संख्या में शाम की आरती में शामिल हो रहे हैं।

## बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अंतर्गत मोहनमुंडा में हुआ कार्यक्रम

**सरायपाली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक कार्यक्रम के तहत मोहनमुंडा में आयोजित कार्यक्रम में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर वर्षा अग्रवाल ने महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल की उपस्थिति में बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देश्य लैंगिक भेदभाव महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना, बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व, स्त्रियों का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में महिला बाल विकास सभापति जयंती पटेल मुख्य अथिति रही।

## हरियाणा में भाजपा की जीत मोदी के बेहतर नीति का परिणामः भाऊराम

**महासमुंद।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भाजपा उपाध्यक्ष भाऊराम साहू ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बेहतर रणनीति का परिणाम बताया है। साहू ने कहा कि हरियाणा की जनता ने एक नया अध्याय लिख दिया है। यह पहली बार हुआ है कि हरियाणा में कोई भी राजनीतिक दल लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बनाई। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में जिस तरह जनता ने अपना निर्णय सुनाया है और भाजपा के ऊपर विश्वास जताया है, इससे साफ पता चल रहा कि आने वाले समय में जब झारखंड प्रदेश का चुनाव होगा तो पूरे झारखंड प्रदेश की जनता भाजपा पर विश्वास जताएगी। साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के लोग भाजपा के कामों से परिचित हो चुके हैं। पीएम नरेंद्र मोदी की जो गारंटी है यह देशवासियों को पसंद आ रहा है। दो महीना बाद झारखंड प्रदेश में भी चुनाव होने वाला है। नरेंद्र मोदी की गारंटी को यहां के मूलवासी, आदिवासी और स्थानीय लोगों को भी पसंद आएगा। साहू ने जम्मू-कश्मीर में भाजपा के प्रदर्शन को भी संतोषजनक बताते हुए कहा कि यहां 29 सीटों के साथ भाजपा दूसरे नंबर पर रही। जम्मू कश्मीर का परिणाम बीजेपी संगठन के लिए बड़ी सफलता है। 2014 में हुए चुनाव में भाजपा ने जम्मू कश्मीर में 25 सीटें जीती थीं, जो इस दफे बढ़कर 29 रही।




**विज्ञापन**

पैरी गंगा एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड मैनपुर के व्यवसाय प्रबंधन, नेतृत्व, समीक्षा वित्तिय मामलों की देखरेख एवं निगरानी हेतु सीईओ का चयन किया जाना है। जिस हेतु आवेदन/बायोडाटा आमंत्रित है । यह भर्ती पूर्णतः अस्थायी रूप से की जायेगी । पूर्णतः एफपीओं के अधीन होगी। इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है ।

1. **यह भर्ती पूर्णतः** अस्थायी रूप से की जायेगी तथा पूर्णतः FPO के अधीन होगी इसका किसी भी शासकीय, अर्धशासकीय, निजी संस्था से कोई संबंध नहीं है ।
2. छत्तीसगढ़ का मूल निवासी हो ।
3. आवेदन प्रारंभ की तिथि **10.10.2024** आवेदन की अंतिम तिथि **25.10.2024** शाम **5:30** बजे तक ।
4. आवेदन के लिए बायोडाटा व सभी प्रमाण पत्र का सत्यापित प्रति **25.10.2024** सायं **5.30** बजे तक बिंदु क्र. 11 अनुसर उपलब्ध करायें ।
5. **शैक्षणिक योग्यता** :- शासन द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कृषि, कृषि विपणन, उद्यानिकी, कृषि व्यवसाय प्रबंधन, में स्नातक या समकक्ष ।
6. **प्राथमिकता** :- ग्रामीण क्षेत्रों में एग्री उत्पाद, वनोपज, स्थानीय उत्पाद के प्रसंस्करण ग्रेडिंग एवं मार्केटिंग में कार्य अनुभव ।
7. **अन्य योग्यता** :- हिंदी, अंग्रेजी एवं स्थानीय भाषा का ज्ञान हो कंप्यूटर, लेखा एवं डाटा प्रबंधन ।
8. **आयु सीमा** :- दिनांक **01.01.2024** की स्थिति में **21** वर्ष से अधिक तथा **45** वर्ष से कम हो ।
9. **मानदेय** :- मासिक मानदेय एक मुस्त **20000** से **25000** रूपए बी.ओ.डी. सदस्यों के अनुमोदन उपरांत ।
10. **मोबाईल नम्बर:- 8770174342**
11. आवेदन दिनांक **10.10.2024** से **25.10.2024** तक कार्यालीन समय शाम **5:30** बजे तक पंजीयन डाक स्पीड पोस्ट पैगंगा एग्रोफार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड मैनपुर. बिहान कार्यालय जनपद पंचायत मैनपुर पिन कोड **493888** के पते पर भेजा जा सकता है ।

**पैरी गंगा महिला फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड विकासखण्ड मैनपुर**

## साजापाली की टीम ने जीती सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम नवाडीह साजापाली में रविवार को दुर्गोत्सव की चतुर्थी पर डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम की अतिथि जिला पंचायत सदस्य केशरी ध्रुव, जनपद सदस्य अशोक पटेल, ग्राम सरपंच अश्वंतीन दीवान समिति के अध्यक्ष अर्जुन दीवान, सदस्य भारत दीवान, जीवराखन, आशाराम पटेल, केवल नारायण साहू, राधेलाल पटेल उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में ओडिसा और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के प्रतिभागी शामिल होकर रात भर कार्यक्रम में समा बांधे। सामूहिक नृत्य में प्रथम स्थान 10001 एवं शील्ड हमर छत्तीसगढ साजापाली बसना महासमुंद ने बाजी मारी, युगल में प्रथम स्थान 4001 एवं शील्ड, देवार गीत महासमुंद ने स्थान बनाया। वहीं एकल गीत में प्रथम स्थान 4001 एवं शील्ड जान्हवी ने हासिल किया। प्रतियोगिता में दिलीप सेन, भेखलाल साहू और उमेश सिन्हा निर्णायक रहें।



### आयोजन : कॉलेज में गरबा एवं मेहंदी प्रतियोगिता, विजेता प्रशस्ति पत्र से सम्मानित

# शारदीय नवरात्रि शक्ति की उपासना का है पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में 9 अक्टूबर को आईएसबीएम विश्वविद्यालय छुरा के प्रांगण में गरबा एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में आईएसबीएम विश्विद्यालय के कुलपति प्रो. आनंद महलवार ने कहा कि भारत अनेक पर्वों एवं त्योहारों वाला देश है। यह पर्व और त्योहार ही हमारी सांस्कृतिक विरासत और परम्परा के संवाहक होते हैं। गरबा नृत्य हमारी संस्कृति की लोक परम्परा को दर्शाता है। जैसे भांगड़ा पंजाब का लोक नृत्य है वैसे ही गरबा गुजरात का लोक नृत्य है। नवरात्रि के महीने में देवी गीतों पर गरबा नृत्य मन को मोह लेता है। नवरात्रि देवी के उपासना का पर्व है। शक्ति को साधने का पर्व है। गरबा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अनुज और उनके साथियों ने प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान संगीता और उनके साथियों को प्राप्त हुआ। तृतीय स्थान भावना और उनके साथियों ने प्राप्त किया। इस कार्यक्रम से पहले मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इन प्रतिभागियों में एमएससी जूलॉजी की छात्रा रिद्धि कुमारी ने प्रथम स्थान, बी. फार्मा की शिरीन खान ने द्वितीय तथा बी. फार्मा की अनन्या अग्रवाल ने तृतीय स्थान हासिल किया। दोनों प्रतियोगिताओं में चयनित छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय के कुलपति और शैक्षणिक अधिष्ठाता के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्रों ने हाथों में मेहंदी सजाकर गरबा नृत्य का प्रदर्शन किया। गरबा मंडली की मोहक प्रस्तुतियां लोगों को आकर्षित कर रही थी। प्रतिभागियों की बेहतरीन प्रस्तुति का चयन विधि संकाय की सहायक प्राध्यापिका सुश्री छायांगी महामला और भूगोल विभाग की सहायक प्राध्यापिका भामिता साहू ने किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी विश्वनाथन, विभागाध्यक्ष डॉ पूनम वर्मा, डॉ अश्वनी कुमार साहू, युगल किशोर राजपूत, टाकेश्वर कौशिक, के साथ विश्वविद्यालय के अनेक शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।






## समाजसेवियों ने घटारानी में किया माता का दर्शन



मुड़ागांव(कोरासी)। क्वांर नवरात्रि में समाजसेवियों ने घटारानी मंदिर में जाकर माता रानी की पूजा अर्चना की। साथ ही क्षेत्र वासियों के लिए के लिए खुशहाली की कमाना की। यहां 345 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। विदित हो कि घटारानी मंदिर छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां गरियाबंद जिले में स्थित घटारानी मंदिर प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक आस्था का एक अद्भुत संगम है और खूबसूरत झरनों के साथ साथ साहसिक पर्यटन के लिए प्रसिद्ध है। यह प्राकृतिक सुंदरता व अपनी ओर आकर्षित करती घने जंगलों में पहाड़ों के बीचों-बीच व आसपास का क्षेत्र घनी जंगलों, झरनों और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। यह प्राकृतिक की गोद में पानी के कुंड की विशेषता रखता है। यहां हर साल हजारों पर्यटक दूर दूर से घूमने आते हैं, जो अपनी और आकर्षित करती है। इस दौरान समिति के समस्त पदाधिकारी व सदस्य अध्यक्ष संतोष दिवान, संरक्षक तारण ध्रुव,हीराधर सिन्हा, दुर्गा, धनेश ध्रुव, हरिश्चंद्र तारक, हीराधर, छेरकू, खिलावन, डिहू, पवन, परमेश्वर,हेमराज ध्रुव, खेमू ध्रुव, रोहित, व योगेश सेन आदिवासी सामाजिक कार्यकर्ता रेखराम ध्रुव एवन दिवान पहुंचे थे।

## जनप्रतिनिधियों ने की मां दुर्गा की पूजा और क्षेत्र की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद





मुडाग़ांव(कोरासी)। ग्राम खैरझिटी ओनवा में शारदीय नवरात्रि में दुर्गा उत्सव एवं शीतला माता मन्दिर में ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। ग्रामीणभक्त हर्षोल्लास और विधिविधान से सुबह शाम पूजा अर्चना कर माता की आरती सेवा कर रहे हैं। इस बीच छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मजदूर संघ जिला अध्यक्ष रुपनाथ बंजारे, युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनिताराम ठाकुर ने नवरात्रि के पंचमीं के दिन दुर्गा पंडाल एवं शीतला माता की मंदिर में पहुंचकर पूजा अर्चना कर परिवार समाज एवं क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामना करते हुए आशीर्वाद मांगा। इस मौके पर प्रमुख रुप से ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बाबुलाल ध्रुव,उपाध्यक्ष भगवान सिंह ध्रुव,कोषाध्यक्ष कन्हैया लाल यादव, सचिव प्रेमचंद यादव, संरक्षक तुलसीराम, बलीराम ठाकुर, ग्राम पटेल मनोहर ध्रुव, सदस्य खेमराज ध्रुव, ओमप्रकाश यादव, कमल ध्रुव, हेमंन्त ध्रुव, तेजराम यादव, ग्राम प्रमुख रायसिंह ध्रुव, सुखराम, चन्दर सिंह, हरिराम, मूलसिंह ध्रव, किशोर ध्रुव, पुरुषोत्तम सेन, लालाराम ध्रव, केतुराम देवांगन, रूपनारायण, केजुराम, खूब लाल, कृतराम ध्रुव, ग्राम के बैगा अलख राम, अभेलाल ध्रुव सहित समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## देवी मंदिरों में पहुंचे विधायक ध्रुव ग्रामीणों से की मुलाकात और सुनी समस्याएं

- खिलाड़ियों को खेल सामग्री के लिए सहायता राशि देने का दिया आश्वासन
- नवरात्रि पर्व पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव, ग्रामीणों के साथ हारमोनियम की धुन पर जसगीत में झूमे



रसेला। बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा विधायक जनक ध्रुव नवरात्रि पर ग्राम टेंगनाबास पहुंचे और दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना कर लोगों से भेंट मुलाकात की। इसके बाद वे प्रसिद्द देवी स्थल जटियाई पहुंचे, जहां लोगों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर आने वाले वर्ष तक ज्योति कलश भवन निर्माण का आश्वासन भी दिया। एक स्कूली बच्चे को खेल के क्षेत्र में स्वागत करते हुए दस हजार की सहायता राशि एवं कबड्डी प्रतियोगिता के लिए पांच हजार की घोषणा भी की। जटियाई प्रांगण में उन्होंने पौधारोपण किया। इसके बाद वे रसेला शीतला मंदिर पहुंचे, जहां पूजा अर्चना कर लोगों से भेंट मुलाकात की। ग्राम मेड़क्री डबरी के नवरात्रि कार्यक्रम में पहुंचे जहां ग्रामीणों एवं स्कूली छात्राओं ने उनका पारंपरिक नृत्य करते हुए भव्य स्वागत किया। ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने रंगमंच निर्माण का आश्वासन दिया एवं महिला मंडल के महिलाओं को वाद्ययंत्र के लिए दस हजार रुपए देने की घोषणा की। तत्पश्चात ग्राम लादाबाहरा के शीतला मंदिर में नवरात्रि कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे, जहां लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद वे कुड़ेरादादर पहुंचे जहां दुर्गा पंडाल में पूजा अर्चना करते हुए ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। ग्राम चिंगरमाल के शीतला मंदिर में आयोजित नवरात्रि कार्यक्रम में शामिल हुए। गांव के युवाओं के कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन के लिए पांच हजार रुपए देने की घोषणा कर वे ग्राम कोपेकशा शीतला मंदिर पहुंचे और वहां पूजा अर्चना कर ग्रामीणों से भेंट मुलाकात की। वे ग्राम पीपरछेड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रम के शुभारंभ में शामिल हुए।



### अर्जुन के दुर्गा गीत पर झूमे ग्रामीण

मुडाग़ांव(कोरासी)। ग्रामीण अंचलों के देवी मंदिरों में आस्था के दीप प्रज्ज्वलित किए गए हैं। माता का दर्शन करने मंदिरों में भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालु बाजे गाजे के साथ माता की आराधना में डूबे हैं। जगह-जगह मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर शक्ति की भक्ति में डूबे हुए हैं। देवी मंदिरों में माता की सुंदर फुलवारी सजाकर ज्योति कलश भी स्थापित किए गए हैं। मंदिर देवालयों में भक्तगण ढोल, मांदर, झांझ, मंजीरा,चांग बाजा के साथ माता के यश का बखान कर रहे हैं। इस बीच ग्राम गिधनी के शीतला मन्दिर में माता द्वार पहुंचकर अंचल के ख्यातिलब्ध सेवा मंडली जय मां महामाया सेवा समिति द्वारा गीतों के साथ पूजा अर्चना कर मांदर के धुन में सेवा की। मंडली के मुख्यगायक शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा, योगिता, गुंजन, नाल वादन मोहन, पुराण,मांदर वादन सागर, प्रवीण सिन्हा,कोरस राहुल नामदेव,छन्नू, भेखराज, लूसेन, खुमेश, देवेन्द्र ठाकुर द्वारा सुंदर भजनों से माता की महिमा का बखान किया गया।पुजारी देवनाथ ठाकुर, बेदुराम ठाकुर,कोमल ठाकुर,हेमलाल ठाकुर, तरुण ठाकुर,लोकेश ठाकुर, बिशाल यादव,सामाजिक कार्यकर्ता पुनिताराम ठाकुर ने श्रीफल प्रसाद भेंटकर माता के भक्तों को पुनः आने का आमंत्रण प्रेषित किया।

### जगह-जगह जगमगा रहा माता का दरबार



नवापारा-राजिम। मां काली मंदिर के पुजारी पं पद्धुम शास्त्री ने बताया कि इस बार नवरात्रि पर्व पूरा 9 दिन का है। ऐसा संयोग बहुत वर्षो के बाद आया है। देवी भागवत में कहा गया है कि कभी अष्टमी के साथ नवमी पड़ जाए तो अद्भुत संयोग बन जाता है। हवन का तत्काल प्रभाव दिखाता है। लिहाजा शुक्रवार 11 अक्टूबर को हवन पूजा होगा और 12 अक्टूबर शनिवार को माता विसर्जन के साथ ही दशहरा का पर्व मनाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि शुक्रवार 11 अक्टूबर की शाम 5 बजे हवन पूजा का कार्यक्रम होगा। विसर्जन शनिवार दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इसके पहले सुबह 9 बजे कुंवारी कन्या भोज होगा। नवापारा में मां काली मंदिर और कर्मा मंदिर में की गई लाइटिंग से पूरा परिसर जगमगा रहा है।

### राजिम के मां महामाया मंदिर में शुक्रवार दोपहर 2 बजे होगा हवन



राजिम। राजिम के प्राचीन मां महामाया मंदिर में अष्टमी का हवन शुक्रवार दोपहर 2 बजे होगा। यह जानकारी मंदिर समिति से जुड़े जितेंद्र सोनी ने दिया। बताया कि देवी मां के सभी भक्त दोपहर 2 बजे हवन में शामिल होंगे।

### मां रमई पाठ की विधायक ने की पूजा-अर्चना



मुड़ागांव(कोरासी)। नवरात्रि के सातवें दिन रमई पाठ में विधायक रोहित साहू ने मां रमई पाठ के चरणों में माथा टेका और क्षेत्र के जनता के सुख समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा। इस बीच क्षेत्र के जनता से मिलकर हालचाल पुछा और विशेष कर विद्यार्थियों से पढ़ाई के बारे में चर्चा करते हुए कड़ी मेहनत कर परीक्षा में सफलता हासिल करने प्रेरित किया। बीएससी फाइनल के छात्र उमेश्वरी यादव और वर्षा यादव का हाल चाल पुछा। इस अवसर पर राजू साहू जिला उपाध्यक्ष तिलक राम सिन्हा, पुष्पा जगन्नाथ जनपद सदस्य एवं समिति के सदस्य गण उपस्थित रहे।

### अतरमरा में अर्केस्ट्रा आज, शामिल होंगे विधायक रोहित साहू

पांडुका। ग्राम अतरमरा में इस वर्ष भी मां दुर्गा की प्रतिमा विराजमान की गई है। दुर्गा उत्सव समिति बाजार चौक अतरमरा में प्रसिद्ध लोक कला मंच कारी बदरिया आर्केस्ट्रा का आयोजन रखा गया है। आज रात्रि 9 बजे इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित साहू विधायक राजिम शामिल होंगे। इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए आस पास की दर्शक दीर्घाओं को अधिक से अधिक संख्या में आने आमंत्रित किया गया है।

### ओनवा में बिराजी मां दुर्गा



मुडाग़ांव(कोरासी)। ग्राम ओनवा में दुर्गोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस बीच युवा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता पुनिताराम ठाकुर, रूपनाथ बंजारे, छत्तीसगढ़ श्रमिक संगठन मजदूर संघ जिला अध्यक्ष ने पूजा अर्चनाकर आशीर्वाद लिया और क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामनाएं की। इस मौके पर प्रमुख रूप से ताराचंद यादव, मोती लाल, जैनसिंह ध्रुव, दिनेश ध्रुव, संतोष ध्रुव, उमाशंकर यादव,पोखन ठाकुर, ओमप्रकाश पटेल, डामेश्वर दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## छुईहा बेलर के ग्रामीण अंचल में विराजी मां दुर्गा...


कमार पारा गनियारी


नवाडीह कुण्डेल


किशन पारा बोड़की


बजरंग चौक सेंदर


बस स्टैंड छुईहा


भीम चौक सेंदर


गौरा चौक सिर्रीखुर्द


खुड़ियाडिही


शंकर नगर बिजली


बाजार चौक परसदाकला


आजाद चौक छुईहा


गांधी चौक पतोरा


शिव चौक पतोरा


स्कुल चौक कुण्डेल


सिन्हा सदन गौरा चौक कुण्डेल


बजरंग चौक पतोरी


गौरा चौक बारूला


कालीमाता सुमेर पहाड़ कुण्डेल

### लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए रास गरबा महोत्सव में

# नगर में गरबा और डांडिया की धूम, माता के दर्शन के बाद थिरके भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गरियाबंद

जिला मुख्यालय में नवरात्रि पर गरबा और डांडिया की धूम मची है। गुजराती समाज द्वारा आयोजित रास गरबा महोत्सव ने एक बार फिर से पूरे शहर में उत्साह और उल्लास का माहौल बना दिया है। इस साल 3 से 12 अक्टूबर तक राजू भाई परिसर में इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को नवरात्रि के पांचवें दिन बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक वेशभूषा में गरबा में शामिल हुए और माता अम्बे के दरबार में भक्तिभाव से थिरकते नजर आए।

**पारंपरिक अंदाज में गरबा** –गरियाबंद गुजराती समाज के सदस्य पूरे उत्साह के साथ अपनी पारंपरिक परिधान और गुजराती गीतों के साथ गरबा और डांडिया का आयोजन कर रहे हैं। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी मिलकर ताल से ताल मिलाते हुए गरबा खेलते हैं, जो बेहद आकर्षक और मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहा है। यह आयोजन रोजाना रात को किया जा रहा है, जिसमें समाज के लोग एकजुट होकर माता अम्बे की आरती के बाद गरबा खेलते हैं।

**समाज की एकता और आस्था**– रेखा बखरिया ने बताया कि गुजराती समाज नवरात्रि के नौ दिनों में माँ दुर्गा के नौ रूपों की पूजा करता है और यह गरबा आयोजन समाज की एकता और आस्था का प्रतीक है। पूरा समाज एक परिवार की तरह यहां एकत्र होता है और माता की आराधना के साथ गरबा करता है। उनका कहना है कि यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि समाज के लोगों के बीच प्रेम और भाईचारे को भी बढ़ावा देता है।



### *54 वर्षों से जारी है परंपरा*

*गुजराती समाज के संरक्षक हरीश भाई भरत भाई ने बताया कि यह आयोजन पिछले 54 वर्षों से लगातार हो रहा है। इसकी शुरुआत अमर सिंह टाक, अमृत लाल मयानी, हक्कू भाई बखरिया और डॉ. ठक्कर द्वारा की गई थी, जिसे अब घनश्याम सरवैया, भारत भाई बखारिया, भीखू भाई, विजय टांक और अन्य लोग जारी रखे हुए हैं। समाज के सभी लोग इस परंपरा को हर्षोल्लास के साथ निभाते आ रहे हैं और इस दौरान माता अम्बे को प्रसन्न करने के लिए जागरण, गरबा और नृत्य किया जाता है।*

### *गरबा है आस्था और उल्लास का संगम*

*नवरात्रि के इस पवित्र पर्व पर गरबा और डांडिया न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि समाज में खुशियों और उत्साह को भी प्रकट करने का एक अनूठा माध्यम हैं। पुरानी मान्यताओं के अनुसार, नृत्य और संगीत को देवी माँ को प्रसन्न करने का साधन माना जाता है, और इसी परंपरा को निभाते हुए गरियाबंद के लोग पूरे जोश और उत्साह के साथ इस उत्सव का आनंद ले रहे हैं।*

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर , उसलापुर , शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411